पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री को अपने दूसरे वर्ष का कार्यवृत्त भेंट किया
प्रधानमंत्री ने सराहना करते हुए ‘एक अच्छी परम्परा‘ बताया

लखनऊः 22 जुलाई, 2016

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आज उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने गोरखपुर हवाई अड्डे पर अपने दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर प्रकाशित कार्यवृत्त ‘राजभवन में राम नाईक 2015-16‘ की प्रति भेंट की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यवृत्त को देख कर राज्यपाल श्री नाईक की सराहना की तथा इसे एक अच्छी परम्परा बताया।

राज्यपाल ने अपना कार्यवृत्त राष्ट्रपति डॉ0 प्रणव मुखर्जी, उपराष्ट्रपति श्री मोहम्मद हामिद अंसारी, लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के सदस्यों, उत्तर प्रदेश से राज्यसभा एवं लोकसभा के सभी सांसदों, सभी राज्यपाल एवं उपराज्यपाल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगणों, उत्तर प्रदेश मंत्रिमण्डल के समस्त सदस्यों, उत्तर प्रदेश विधान परिषद एवं विधान सभा के समस्त सदस्यों, समस्त प्रमुख सचिवों/विभागाध्यक्षों सहित अन्य विशिष्ट लोगों को भी भेजा है।

अंजुम/ललित/राजभवन (254/24)


INDIAN AIR FORCE